विधान परिषद के तृतीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 16 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेगें कि पूर्वांचल में भारी एकाएक वर्षा एवं बाढ़ से होने वाले नुकसान की भरपाई हेतु किसानों की फसलों का बीमा कराया गया? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो देवीपाटन मण्डल में कितने किसानों की फसलों का बीमा कराया गया और अब तक बीमा कम्पनियों द्वारा कृषकों को बीमा की कितनी धनराशि का भुगतान किया गया? | खरीफ 2022 मौसम में देवीपाटन मण्डल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित कृषकों का विवरण निम्नवत है:- |

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | बीमित कृषकों की संख्या* |
|---|---|---|
| 1 | गोण्डा | 21503 |
| 2 | बलरामपुर | 11114 |
| 3 | बहराईच | 113576 |
| 4 | श्रावस्ती | 23960 |
| | देवीपाटन मण्डल | 170153 |

*अनन्तिम।

योजनान्तर्गत क्षतिपूर्ति का आधार क्रॉप-कटिंग प्रयोग आधारित फसलों की उत्पादकता है। अभी जनपदों में खरीफ की फसलों पर क्रॉप-कटिंग प्रयोग सम्पादित हो रहे है। उत्पादकता के आंकलन के पश्चात नियमानुसार क्षतिपूर्ति का आंकलन करते हुए क्षतिपूर्ति की धनराशि वितरित की जाती है।

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।